तापमान

अधिकतम 47 .6 डिग्री

न्यूनतम 29 .3 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 14 जून 2025



10 175 बार किया रक्तदान, 85 बार दे चुके है प्लेटलेट्स





10 विश्व शांति का संदेश लेकर निकाली गई कलश यात्रा




## खबर संक्षेप

### पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत

**घरौंडा।** रायपुर जाटान रोड पर एक बाइक पेड़ से टकरा गई। जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम करवा कर वारिसो को सौप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घरौंडा निवासी प्रदीप कुमार 12 जून की रात को बाइक पर सवार होकर गांव रायपुर जाटान से घरौंडा आ रहा था। रास्ते में सड़क पर पड़े पेड़ से उसकी बाइक टकरा गई। जिसकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

### दामाद और परिजनों के साथ मारपीट, केस दर्ज

**समालखा।** पानीपत के गांव आट्टा निवासी अंकित, इसकी मां, पिता, दादी को उसके गांव बुआना लाखू निवासी सुसराल वालों ने मारपीट कर घायल कर दिया। अंकित ने हथवाला चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी इसी साल 17 फरवरी को बुआना लाखू की रहने वाली मेहर सिंह की बेटी से हुई थी। पारिवारिक कलह के कारण उसकी पत्नी मायके चली गई। अंकित का आरोप है कि सुसर मेहर सिंह, लक्ष्मण और पत्नी के ममेरे भाइयों नरेंद्र, देवेंद्र, रविंद्र आदि ने मारपीट की।

### कैंटर की टक्कर लगने से ट्रैक्टर चालक घायल

**समालखा।** समालखा में फ्लाईओवर पर खड़े एक खराब ट्रक को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से आ रहे एक कैंटर ने टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर ड्राइवर नीचे गिरकर घायल हो गया। वहीं हादसे के चलते रोड पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। वहीं मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाते हुए यातायात को सामान्य करवाया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### किशोर ने घर में फांसी लगाकर किया सुसाइड

**यमुनानगर।** शहर की बैंक कॉलोनी में अपनी मां व बहन के साथ रह रहे किशोर ने घर के कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर दिया। किशोर ने फांसी लगाते हुए फोन से वीडियो भी बनाई। बहन जब ट्यूशन से घर लौटी तो अपने भाई को फांसी पर लटका देखा। उसने पड़ोसियों की मदद से भाई को नीचे उतारा और उसे अस्पताल में लेकर पहुंची। मगर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि 15 वर्षीय अरमान की मां मुमताज व पिता रूकसद का तीन साल पहले तलाक हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच अधिकारी एएसआई बलबीर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# मौसम में बनी गर्मी की तपिश और उमस ने ढहाया सितम

हीट वेव चलने से एसी और कूलर भी देने लगे जवाब

### सूर्य निकलते ही लोग होने लगते हैं गर्मी से हल्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रदेशभर में मौसम में बनी उमस व गर्मी की तपिश का सितम थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है आमजन का घर से बाहर भी निकलना दुभर हो गया है।

यमुनानगर जिले में भी पिछले एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 38 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। शुक्रवार को भी सूर्य देव के निकलते ही आसमान से शरीर की त्वचा झुलसाने वाली गर्मी की तपिश और उमस पड़ने लगी। लोग दिन भर गर्मी और उमस से बचने के लिए यहां वहां पेड़ों की छांव या नदी नालों में नहाते नजर आए।



यमुनानगर। गर्मी की तपिश से बचाव के लिए सिर ढांपकर अपने गंतव्य पर जाते हुए महिला। फोटो : हरिभूमि

### घर और बाहर नहीं मिल रही गर्मी से राहत

तापमान में दिनों दिन हो रही बढ़ौतरी से लोगों को ना तो घरों में गर्मी से राहत मिल रही है और ना ही बाहर निकलने पर मौसम में बनी उमस से लोगों को छुटकारा मिल रहा है। गत आठ जून को नौतपा खत्म होने के बाद सभी को गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद थी। मगर नौतपा के बाद तपिश भरी गर्मी के तीखे तेवर सभी को बेहाल बनाए हुए हैं। आलम यह है कि घर हो या बाहर लोग गर्मी और उमस से पसीना पसीना हो रहे हैं। गर्मी की तपिश से मौसम में बढ़े तापमान की वजह से लोगों के घरों में एसी और कूलर भी जवाब देने लगे हैं।

**बरतें ऐहतियात**

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला के अधिकारियों को हीट वेव से बचाव को लेकर जरुरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, उन्होंने गर्मी की तपिश से बचाव को लेकर लोगों को घर के अंदर तथा छायादार स्थानों पर रहने के लिए आहवान किया है। उन्होंने लोगों को गर्मी के मौसम में आरामदायक, सूती और हल्के रंग के पतले और ढीले कपड़े पहनने, अधिक पानी वाले मौसमी फल और सब्जियां जैसे तरबूजए खीरा, संतरा आदि खाने की सलाह दी है।

### बिजली के लग रहे कट

इसका कारण बताया जा रहा है कि बढ़ते तापमान में बिजली के जहां कट लगाए जा रहे हैं, वहीं, बिजली की कम वोल्टेज आने से बिजली के उपकरण ठप होने लगे हैं। जिससे लोगों को ना घरों में गर्मी से राहत मिल रही है और ना ही घरों के बाहर उमस पीछा छोड़ रही है।

### हर दिन बढ़ रहा पारा

जिले में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फिलहाल मानसून आने तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

# गुरुकुल के एनसीसी अधिकारी श्रवण मेजर पद पर हुए पदोन्नत



- मेजर श्रवण कुमार को बधाई देने वालों का तांता लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में बतौर एन.सी.सी. अधिकारी वर्ष 2007 से अपनी उत्कृष्ठ सेवाएं दे रहे श्रवण कुमार को एन.सी.सी. महानिदेशक, नई दिल्ली द्वारा मेजर पद पदोन्नत किया गया है। मृदुभाषी और बेहद सरल स्वभाव और हंसमुख प्रवृत्ति के धनी श्रवण कुमार के मेजर बनने पर उनके परिवार एवं मित्रजनों में खुशी की लहर है और उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। कुरुक्षेत्र स्थित 10 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. कार्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में वीरवार को कमान अधिकारी कर्नल हरप्रीत सिंह व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल नीतेश कुमार द्वारा कैप्टन श्रवण कुमार को मेजर रैंक से अलंकृत किया। उनके प्रमोशन गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप ने विशेष बधाई दी। ज्ञात रहे, मेजर श्रवण कुमार ने फरवरी 2010 में ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी, काम्पटी, महाराष्ट्र से तीन माह का प्रशिक्षण ए-ग्रेड में पास किया और लेफ्टिनेंट बनें।

# विदेश भेजने के नाम पर 19.55 लाख ठगे

- पुलिस ने आधा दर्जन आरोपी लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों को विदेश भेजने के नाम पर 19 लाख 55 हजार रुपये हड़प लिए गए। पुलिस ने आधा दर्जन आरोपी लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव ताजकपुर निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 2023 में रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि अमित कुमार ने शहर के संतपुरा गुरूद्वारा के नजदीक बेगमपुरा के नाम से कार्यालय बनाया हुआ है। आरोपी लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। जहां पर उन्हें अच्छा रोजगार दिलवाते हैं। वह उसे भी विदेश भेज देंगे। जहां पर वह रोजगार कर अच्छा पैसा कमा सकता है। वह आरोपी की बातों में आ गया। अमित कुमार ने उसे विदेश भेजने के लिए करीब 15 लाख रुपये का खर्च बताया। संजीव कुमार ने आरोपी को अलग-अलग करके 14 लाख 55 हजार रुपये व अपने दस्तावेज दे दिए। आरोपी ने उसे जल्द ही विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे मगर आरोपी ने पैसे वापस देने से मना कर दिया। दोबारा पैसे मांगने पर उसे झूठे केस में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी।

### कुवि के आईआईएचएस संस्थान में बी.ए. के लिए बढ़ाई 50 सीटें

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आईआईएचएस संस्थान में इस सत्र से बीए डिग्री विद् भगवद् गीता स्टडीज को शुरू किया जा रहा है जिसमें भगवद् गीता को विषय के तौर पर पढ़ाया जाएगा।

आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि बी.ए. के लिए 50 सीटें बढ़ाई गईं है अब बी.ए. की कुल 450 सीटों पर विद्यार्थी 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# महिला को नशीला पदार्थ पिला सामूहिक दुष्कर्म किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप
- विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

विदेश भेजने के नाम पर महिला को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर होटल में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।

आरोप है कि सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपियों ने उसका अश्लील वीडियों बनाकर उसे ब्लैकमेल किया। इस दौरान आरोपियों ने विदेश भेजने के नाम पर उससे पैसे भी हड़पे। पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय महिला ने शिकायत में बताया कि उसका अपने पति से तलाक हो गया था। उसके पास एक माह की लड़की है। तलाक के बाद वह अपने मायके में रहती है। उनके पड़ोस में गुरचरण सिंह उर्फ गगन रहता है। जो लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह भी विदेश जाना चाहती थी। आरोपी ने उसे विदेश भेजने का खर्च करीब 20 लाख रुपये बताया। आरोपी उसे एक एक दिन 70 हजार रुपये व दस्तावेज लेकर अपने कार्यालय में बुलाया। जब वह वहां गई तो गुरचरण सिंह उर्फ गगन के साथ उसका दोस्त जगप्रीत उर्फ जग्गी भी मौजूद था। जब वह वहां गई तो आरोपियों ने उसे शेक पीने के लिए दिया। जिसे पीते ही वह बेसुध हो गई। आरोपियों ने पूरी रात उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

# गुरुद्वारे से लाखों की नकदी व गहने चुराने वाला गिरफ्तार



यमुनानग। मामले की जानकारी देते डीएसपी व सीआईए इंचार्ज।

- गुरुद्वारा में सेवादार बनकर आया था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव झींवरहेड़ी के गुरूद्वारा से 11 लाख 80 हजार नकदी, विदेश करंसी, आभूषण व बाइक लेकर फरार हुए आरोपी को अंबाला के खान अहमदपुर बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी से चोरी किया सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया है।

**9 जून को की थी चोरी**

झिवरहेड़ी गांव में गुरुद्वारा साहिब के संत कश्मीर सिंह ने शिकायत दी कि वह रात को सोने के लिए चला गया। इस दौरान सेवादार कर्मजीत उर्फ संदीप गुरूद्वारा की अलमारी से 11 लाख 80 हजार नकदी, 500 अमेरिकन डॉलर, 150 यूरो, तीन सोने के कड़े, 14 सोने की अंगूठियां, चांदी के जेवर व एक मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया।

### निजी स्कूल के कोच की संदिग्ध हालता में मौत

**यमुनानगर।** यमुनानगर के एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल में शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया। जब स्कूल के स्विमिंग पूल में तैनात कोच की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कोच जिला जींद के नरवाना गांव का रहने वाला था। घटना के दौरान कुछ लड़के पूल में नहा रहे थे, जिसका विरोध कोच ने किया था। हालांकि पूरी घटना को लेकर पुलिस भी अभी कुछ स्पष्ट नहीं बता रही है। मौके पर सीन ऑफ क्राइम की टीम भी पहुंच गई है।शुक्रवार दोपहर स्कूल में स्विमिंग कोच राजेंद्र कुमार (48) जो कि जींद के रहने वाले थे। कुछ लड़के स्विमिंग पूल में निर्धारित समय से अधिक देर तक नहा रहे थे। कोच राजेंद्र कुमार ने जब उन्हें रोका, तो उनके बीच बहस हो गई। बताया जा रहा है कि, बहस धीरे-धीरे विवाद में बदल गई और राजेंद्र मानसिक रूप से काफी तनाव में आ गए। कुछ देर बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह वहीं बेहोश होकर गिर पड़े। स्कूल प्रशासन ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी और राजेंद्र को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

- रातभर युवक के साथ होटल में रही युवती, फिर रेप केस दर्ज करवाने की दी धमकी
- नकदी के साथ रंगे हाथों पकड़े आरोपियों को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जोकि युवाओं को अपने झांसे में फंसाकर उन्हें लूट का शिकार बनाता था। इस गिरोह में पुलिस ने एक युवती को भी काबू किया है। युवती के जरिए ही गिरोह के सदस्य भोले भाले युवकों को अपने जाल में फंसाते थे।

इसके बाद उनसे दुष्कर्म का केस दर्ज करवाने की धमकी देकर वसूली करते थे। युवतीप्यार के जाल में फंसाने के बाद लड़कों को पहले होटल में बुलाकर रातभर उनके साथ रुकती थी। सुबह होते ही पुलिस बुलाकर रेप के आरोप लगाते हुए गिरफ्तार करवा देती थी। बाद में अपने साथियों के साथ मिलकर समझौते की राशि लेकर फरार हो जाती थी। पडाव थाना पुलिस ने ऐसे ही एक हनी ट्रैप के मामले का खुलासा किया है। पहले तो मुंबई स्थित चेंबूर के इंदिरा नगर की रहने वाली आरोपी आरती उर्फ मीना दिल्ली से युवक को बुलाकर उसके साथ होटल में रुकी। सुबह पुलिस को बुलाने के बाद शिकायत देने की जगह अपने साथियों संग मिलकर सेंटिग करने लगी। पुलिस को आरोपी युवती की नीयत पर शक हो गया। पुलिस ने थाने से कुछ ही दूरी पर युवती सहित तीन आरोपियों को 50 हजार रुपये की राशि लेते मौके पर दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी आरती, मोहम्मद अली, दिनेश सहगल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत ने जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए हैं।



अंबाला। हन्नी ट्रैप के आरोप में पकड़ी गई युवती व उसके सहयोगी।

### तीन लाख की हुई डिमांड

अंबाला शहर के हरि पैलेस एरिया के रहने वाले रजत ने बताया कि चाचा का बेटा अंकुश अपनी दोस्त दिल्ली की आरती से बातचीत करता था। 12 जून को दोनों आपस में बातचीत करके होटल में रुके थे। सुबह के समय आरती ने अचानक फोन करने के बाद डायल-112 की टीम को मौके पर बुला लिया। युवती लगातार ब्लैकमेल करती रही व दिल्ली से अपनी मुंह बोले भाई मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली व अंबाला शहर के दिनेश सहगल को बुला लिया। सभी मिलकर अंकुश को मिलकर फंसाने का दबाव बनाया। इसकी एवज में 3 लाख रुपये मांगे थे। परिवादी की ओर से पुलिस को मामले से अवगत करवाया गया।

**50 हजार रुपये जब्त**

जांच अधिकारी इंस्पेक्टर धर्मबीर ने बताया कि रातभर अंबाला कैंट के एक होटल में रुकने के बाद युवती ने सुबह डायल- 112 को बुलाकर रेप होने की बात कहीं थी। दोनों पक्षों को पुलिस थाने में ले आई थी। युवती का भाई आरोपी मुन्ना आया व उसके साथ अंबाला शहर के दिनेश सहगल नाम का एक युवक आया। दोनों ने मिलकर सोची समझी साजिश के तहत अंकुश के चचेरे भाई से बातचीत कर तीन लाख की मांग की। एक लाख रुपये में इनकी सेटिंग कर ली थी। पुलिस को शक हुआ। जब तीनों आरोपी थाने से कुछ दूरी पर मामला खत्म करने के लिए लेनदेन कर रहे थे तो पुलिस ने दबिश देकर 50 हजार की राशि सहित तीनों को काबू किया।

## विमान हादसे के कारण करनाल आने का कार्यक्रम किया रद

# पुरस्कार समारोह में नहीं पहुंचे राज्यपाल दत्तात्रेय

- प्रदेशभर से आए 378 बच्चों को मिला सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे के चलते करनाल में आयोजित बाल दिवस-2025 के राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का आना कैंसिल हो गया।

उनके साथ हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी को भी समारोह में शिरकत करनी थी, लेकिन वे भी नहीं पहुंची। हादसे के बाद राज्यपाल ने संदेश भेजा कि कार्यक्रम प्रभावित न हो, इसलिए बच्चों को सम्मानित किया जाए। इसके बाद कार्यक्रम स्थानीय अधिकारियों की निगरानी में सम्पन्न हुआ और हरियाणा के विभिन्न जिलों से पहुंचे 378 छात्र-छात्राओं को उनकी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया।

करनाल के मंगलसेन सभागार में शुक्रवार को निर्धारित समय पर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्यअतिथि के तौर पर महामहिम राज्यपाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमन सैनी की अनुपस्थिति में परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं, नगर निगम करनाल की कमिश्नर डॉ. वैशाली शर्मा ने मुख्यअतिथि के रूप में बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विमान हादसे पर शोक जताते हुए कहा कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री की मृत्यु देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

**गवर्नर ने भेजा संदेश**

परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने बताया कि आज के कार्यक्रम में कुल 378 बच्चों को सम्मानित किया गया। राज्यपाल का संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना के कारण वे नहीं आ पा रहे हैं, लेकिन कार्यक्रम रद्द न हो और बच्चों को समय पर सम्मान मिलना चाहिए। सुषमा गुप्ता ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उनमें रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को भी निखारती हैं।

### बच्चों की प्रतिक्रिया रही उत्साह से भरपूर

गुरुग्राम की भरतनाट्यम डांसर उन्नति को तीसरा पुरस्कार मिला। उसने कहा कि उसे बहुत अच्छा लग रहा है, और सफलता के लिए हार्ड वर्क और हार्ट वर्क दोनों जरूरी हैं। हिसार से आई कृतिका को जीके क्विज में पहला स्थान मिला। उसने बताया कि कंपीटिटिव परीक्षाओं की तैयारी से उसका सामान्य ज्ञान बेहतर हुआ है और इस तरह के पुरस्कार उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। वहीं, यूकेजी की छात्रा तनवी ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया और इनाम जीता।

**प्रतिभाओं को मिला मंच**

बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर विजेता रहे बच्चों को इस समारोह में आमंत्रित किया गया था। बच्चों ने पुरस्कार ग्रहण कर मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। बच्चों की लोक कला, पारंपरिक नृत्य, गायन आदि ने सभागार में मौजूद जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों को सांस्कृतिक समरसता और आत्मविश्वास का अनुभव भी इस मंच से मिला।

### कुवि ने घोषित किए 25 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 25 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि एम.एस.सी. (ग्राफिक्स और एनिमेशन) तीसरा सेमेस्टर (सीबीसीएस) पूर्ण, एम.एस.सी. (अर्थशास्त्र) (ऑनर्स) चौथा सेमेस्टर (एनईपी) के परिणाम घोषित किए हैं। दिसम्बर 2024 में आयोजित एम.एस.सी. (गणित) पहला सेमेस्टर सीबीसीएस/एनईपी (पुनः), बी.एस.सी. गणित में प्रमुख विषय के साथ (एनईपी) तीसरा सेमेस्टर, बी.एस.सी. रसायन विज्ञान में प्रमुख विषय के साथ (एनईपी) आईआईएचएस तीसरा सेमेस्टर, बी.एस.सी. कंप्यूटर विज्ञान में प्रमुख विषय के साथ (एनईपी) आईआईएचएस तीसरा सेमेस्टर, आदि के परिणाम घोषित किए हैं।

# खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदलने पर जेई सस्पेंड

- ग्रामीणों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को दी थी जेई के खिलाफ शिकायत,
- ट्रांसफार्मर खराब होने तथा ढुलमुल रवैये अपनाने का लगाया था आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला के चंदपुरा गांव में बिजली के खराब ट्रांसफार्मर को 15 दिन बाद भी नहीं बदलने वाले बिजली निगम के जेई संजय कुमार को निलंबित कर दिया है।

अंबाला छावनी के गांव चंदपुरा के ग्रामीणों ने इस संबंध में ऊर्जा मंत्री अनिल विज को शिकायत दी थी जिस पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेई को निलंबित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों का आरोप था कि चंदपुरा में बिजली का ट्रांसफार्मर कई दिनों से खराब है। इस संबंध में उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया के जेई संजय कुमार को लगभग 15 दिन पहले शिकायत दी थी। मगर अब तक न तो ट्रांसफार्मर को ठीक किया गया और न ही इसे बदला गया है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए जेई को सस्पेंड करने के निर्देश दिए जिसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बिजली निगम अधिकारियों को पूर्व में निर्देश दिए थे कि बिजली के खराब ट्रांसफार्मर शहरी क्षेत्र में एक घंटे के भीतर ठीक या बदलकर विद्युत आपूर्ति चालू की जाए।

**खबर संक्षेप**

### भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा तीन जुलाई को

**रादौर।** रादौर के पक्का घाट स्थित नागेश्वर मंदिर के महंत दंडी स्वामी महेशाश्रम ने बताया कि श्री जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा का आयोजन कस्बे में पहली बार 3 जुलाई को शाम 4 बजे किया जाएगा। इस दौरान शहर व क्षेत्र से सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। महेशाश्रम ने बताया कि रथ यात्रा श्री नागेश्वर धाम पक्का घाट से प्रारंभ होकर मेन बाजार, थाना चौक से होती हुई सफल पैलेस में संपूर्ण होगी। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन आज

**रादौर।** रादौर के कॉलेज रोड पर स्थित श्री बालाजी मंदिर में शनिवार से 20 जून तक 7 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथावाचक राम सुमिरन दास जी महाराज श्रीधाम अयोध्या वाले भगवान श्रीराम का गुणगान करेंगे। मंदिर के पुजारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि कथा का शुभारंभ प्रतिदिन शाम 4 बजे किया जायेगा। शनिवार 21 जून को सुबह 9 बजे हवन यज्ञ व प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी अधिक से अधिक संख्या में श्री रामचंद्र जी की कथा का रसपान अवश्य करें।



### निर्माणधीन मकान से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी की गुर्जर नगर कॉलोनी में चोरों ने निर्माणधीन मकान से हजारों रुपये का बिजली का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुर्जर नगर निवासी राधव गुर्जर ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कॉलोनी में मकान बना रहा है। वह सात जून की शाम को निर्माणधीन मकान से काम खत्म करवाकर अपने घर आ गया था। सुबह जब वह वापस गया तो उसे वहां पर सामान बिखरा मिला। जांच करने पर मकान से एसी के फिटिंग पाइप व बिजली की तारों के बंडल गायब मिले। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 50 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### जिले में भीषण गर्मी को लेकर प्रशासन अलर्ट

# गर्मी व हीट वेव से बचाव को लेकर सभी विभाग सुनिश्चित करें प्रबंध

- अधिकारियों को निर्देश दिए कि हीट अलर्ट और एहतियाती उपाय के बारे में आमजन को जागरूक करें
- बिजली कटौती के दौरान पावर बैकअप का प्रावधान करने के निर्देश दिए



**यमुनानगर।** हीट वेव से बचाव को लेकर इंतजाम करने के लिए निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भीषण गर्मी बढ़ने से तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मौसम में प्रतिदिन बढ़ रही गर्मी कारण संबंधित विभागों के अधिकारियों को हीट वेव से बचाव को लेकर समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए है।

**श्रमिकों के लिए तैयार करें विशेष कार्य योजना**

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि सभी विभाग गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए पूरी तैयारियां व प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण विकास व विकास एवं पंचायत व पंचायती राज संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे मनरेगा श्रमिकों के लिए दिन के समय अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करें। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए भी गर्मी से बचाव के लिए काम के समय का शेड्यूल निर्धारित किया जाए। वहीं, उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों कोसभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बिजली कटौती के दौरान पावर बैकअप का प्रावधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हीट अलर्ट और एहतियाती उपाय बारे आमजन को जागरूक करें।

**ऊर्जा संरक्षण को लेकर करें जागरूक**

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बिजली विभाग के अधिकारियों को ऊर्जा संरक्षण बारे लोगों में जागरूकता पैदा करने, संवेदनशील क्षेत्रों और जनसंख्या के आधार पर बिजली कटौती के लिए नीति बनाने, अत्यधिक गर्मी के दौरान बिजली की कटौती बारे एक दिन पहले सूचना देने, विभाग के कर्मियों के लिए गाइडलाइन जारी करने, जनस्वास्थ्य, कृषि, स्वास्थ्य संबंधी संस्थानों के लिए पावर बैक अप का प्रावधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई और जल संसाधन विभाग को नालों की सिल्टिंग और रखरखाव, वाटर वर्क्स टैंकों की क्षमता और तालाबों को भरने, पेयजल आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पशुपालन और डेयरी विभाग के अधिकारियों को पशुओं को लू से बचाने के लिए पशुपालकों के बीच जागरूकता पैदा करने की हिदायतें दी।

### जाली हस्ताक्षर कर अपने नाम करवाई कार

**यमुनानगर।** गांव मोहड़ी निवासी नरेश कुमार ने दो लोगों ने दस्तावेजों पर उसके बेटे के जाली हस्ताक्षर कर कार अपने नाम करवाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार नरेश कुमार ने बिलासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे रजत के नाम आई टवेंटी कार है। लड़के ने 22 अगस्त 2024 को कार को सुधांशु कुमार व विशेष कांबोज को बेच दी। उस कार के आरोपियों पर छह लाख 30 हजार रुपये बकाया था। जब भी वह आरोपियों से पैसे मांगते तो आरोपी कोई न कोई बहाना बनाकर पैसे देने से मना कर देते।

# आपसी कहासुनी होने पर दो पक्षों में हुई मारपीट, दो लोग घायल

- पुलिस ने दोनों पक्षों के 11 लोगों के खिलाफ किया केस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव भुखड़ी में कहासुनी होने पर पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों के 11 आरोपियों के खिलाफ मारपीट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव भुखड़ी निवासी जोनी ने सदर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले गांव के ही प्रदीप कुमार व जतिन के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। मगर उसके बाद से दोनो आरोपी उससे रंजिश रखे हुए थे। जोनी ने बताया कि आठ जून को सुबह नौ बजे वह गांव में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आरोपी प्रदीप कुमार व जतिन ने अपने साथियों विक्रम व अरूण कुमार के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। उधर, नितिन कुमार ने बताया कि जोनी ने अपने परिवार के सदस्यों नीरज उर्फ बब्लु, कुक्की, राकेश, राजेश, संजय, व रामकुमार के साथ मिलकर उसे पीटकर घायल कर दिया। मारपीट में उसके शरीर के करइं हिस्सों में चोटें आई है। दोनों पक्षों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### रादौर के वार्ड 13 के पार्षद ने बांटी किट

# नशे से बचने को लेकर युवाओं को वितरित की वॉलीबाल किट



**यमुनानगर।** रादौर में युवाओं को खेल का सामान भेंट करते पार्षद ऋषिपाल नंबरदार व अन्य। फोटोः हरिभूमि


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के वार्ड नंबर 13 के पार्षद ऋषिपाल नंबरदार की ओर से युवाओं को नशा छोड़कर खेलों को बढ़ावा देने के लिए वॉलीबॉल किट प्रदान की गई। पार्षद ऋषिपाल नंबरदार ने कहा कि युवा वर्ग नशे के कारण अपनी तबाही की ओर जा रहा है। जिससे समाज व देश को नुकसान होता है। युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए वॉलीबॉल किट प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में अपना भविष्य बनाना चाहिए। खेलों से युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। मौके पर सिमर, अनुज, अभि, सूरज, प्रिंस, शुभम, दिशांत, सिद्धार्थ, विशु, आकाश, मनीष, सोनू, सुमित व वैभव आदि मौजूद थे।

#### अलाहर के ग्रामीणों ने की नालियों की साफ सफाई करवाए जाने की मांग

# गंदे पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियों की सफाई नहीं, ग्रामीण परेशान

- गंदे पानी में मच्छर व मक्खियां पैदा हो रही है जिससे बीमारी का खतरा बढ़ गया है



**यमुनानगर।** गांव अलाहर में सफाई न होने से गंदगी से अटी पड़ी नाली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर खंड के गांव अलाहर में गंदे पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियों की साफ सफाई नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से उनके गांव में गंदे पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियों की साफ सफाई करवाए जाने की मांग की है। ग्रामीण प्रवेश कांबोज, दिपांशु, महक, ऊषा व दिनेश आदि ने बताया कि उनके गांव अलाहर में कई गलियों में गंदे पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियों की अर्से से साफ सफाई नहीं करवाई गई है। जिससे नालियों की हालत बहुत खराब हो गई है। गांव की गलियों व नालियों की साफ सफाई न होने से सांप बिच्छू घरो में आने लगे हैं। जिससे हर समय उनको सांपों का डर लगा रहता है। नालियों में सफाई न होने से रुके हुए गंदे पानी में कीड़े व मच्छर पैदा होने लगे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार सरपंच व पंच सदस्यों को अवगत करवाया जा चुका है। मगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि पंचायत की अनदेखी के कारण ही गलियों में साफ सफाई का अभाव चल रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पंचायत को आदेश देकर उनकी गलियों में बनाई गई नालियों की साफ सफाई करवाए जाने, खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाए जाने और क्षतिग्रस्त नालियों को ठीक करवाए जाने की मांग की।

# मुख्यमंत्री की तुलना डॉ. भीमराव अंबेडकर से करना है अति निंदनीय : डॉ. निर्मल



बहुजन समाज पार्टी के के पूर्व प्रदेश महासचिव ने कड़ी निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव ने हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तुलना डॉ. भीमराव अंबेडकर से करने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने भाजपा मंत्री द्वारा दिए इस अशोभनीय एवं अपमान जनक ब्यान को सामाजिक चेतना के खिलाफ बताया है। बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि भाजपा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण सिंह बेदी द्वारा एक कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री की तुलना भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के प्रतीक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर से की हैं। जिससे बहुजन समाज को कड़ी आपत्ति है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का ब्यान अशोभनीय, अपमानजनक व सामाजिक चेतना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल भारत के संविधान के निर्माता थे। बल्कि उन्होंने समाज में व्याप्त जातिवाद, असमानता और शोषण के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उनकी तुलना किसी वर्तमान राजनेता से करना उनकी विरासत और संघर्षों का मजाक उड़ाने के बराबर है। भाजपा के कैबिनेट मंत्री का यह बयान दलित समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब भाजपा नेताओं ने ऐतिहासिक महापुरुषों का राजनीतिक फायदा उठाने के लिए दुरुपयोग किया है। भाजपा नेताओं द्वारा बार बार महापुरुषों के नाम पर राजनीति की जा रही है। जो काफी निंदनीय है। डॉ. निर्मल सिंह ने भाजपा हाईकमान से निंदनीय बयान देने वाले मंत्री पर कार्रवाई की मांग की है।

# शिविर मे 104 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

#### 23 लोगों के रक्त एवं यूरिन के टेस्ट भी किए गए, 17 लोगों को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई



**यमुनानगर।** गांव बैंडी में आयोजित नवीन स्वास्थ्य जांच संकल्प शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल द्वारा लोगों के स्वास्थ्य जांच के लिए शुरु की गई मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा गांव बैंडी में निःशुल्क नवीन स्वास्थ्य जांच संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट में तैनात चिकित्सकों ने 104 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां वितरित की।

सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 104 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस दौरान 23 लोगों के रक्त एवं यूरिन के टेस्ट भी किए गए। जबकि 17 से अधिक लोगों को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि नवीन स्वास्थ्य जांच संकल्प शिविरों में मोबाइल मेडिकल युनिटों में एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा परामर्श व जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जा रही हैं। ताकि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लोगों का स्वास्थ्य ठीक रह सके। इस दौरान संकल्प शिविर में आधार कार्ड, पेंशन और नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में लोगों को जागरुक किया गया।

**बैठक** महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित की समन्वय बैठक

#### जिला कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर ने दी जानकारी

# गर्भवती महिलाओं की देखरेख के लिए उन्हें मिलेंगी सहायक के रूप में सहेली

- गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य और लिंगानुपात में सुधार के लिए आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर्स, एएनएम सहेली की तरह उसका ध्यान रखेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वस्थ्य विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पोषण और अन्य विषयों को लेकर एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर व स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी पीएनडीटी डॉ. विपिन गोंदवाल ने की।

जिला कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर ने बताया कि हर गर्भवती महिला को एक सहेली (सहायक) मिलेगी जो उसे गर्भावस्था के दौरान सहायता और देखभाल प्रदान करेगी। विभाग की ओर से यह पहल गर्भवती महिलाओं की भलाई को बढ़ावा देने और सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित करने के लिए है। सहेली प्रोजेक्ट के तहत जिसमे गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य और लिंगानुपात में सुधार के लिए आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, एएनएम सहेली की तरह उसका ध्यान रखेंगी। उसके टीकाकरण पोषण स्वास्थ्य की निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि लिंगानुपात को लेकर विभागों का समन्वय बनाते हुए प्रयास करने से बेहतर परिणाम आएंगे। लिंगानुपात में सुधार के लिए स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। विभागों की और से इसकी निगरानी की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तरविंदर कौर ने बताया की भ्रूण जांच एक अपराध है। जिसमे कठोर सजा है। समाज में बेटा बेटी का भेद तभी सम्भव है जब समाज इसमें अपना सहयोग करे। बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य की ट्रैकिंग अच्छे से की जाए, राशन रखरखाव और वितरण समय से किया जाए, बच्चों के आहार की गुणवत्ता सही हो व कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार को लेकर लगातार निगरानी किए जाने के निर्देश दिए गए। इन बच्चों की होम विजिट और मॉनिटरिंग आंगनवाड़ी वर्कर, सुपरवाइजर और महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा की जाए। इसके साथ सभी केंद्रों में हीट वेव्स गाइड लाइन अनुसार व्यवस्था की जाए।



**यमुनानगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर। फोटोः हरिभूमि

#### जिला जेल जगाधरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित की लोक अदालत

# लोक अदालत में 3 मामलों का निपटान

- सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने की मामलों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने मामलों की सुनवाई की। इस दौरान लोक अदालत में चार मामले रखे गए। जिनमें से तीन का निपटारा किया गया। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने बताया कि लोक अदालत में चार मामले रखे गए थे। जिनमें से तीन मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह लोक अदालत नियमित जेल लोक अदालत है जो हर महीने आयोजित की जाती है। इनमें उन मामलों का निपटारा किया जाता है जो लोक अदालत में निपटाए जाने के योग्य पाए जाते हैं। मौके पर सीजेएम सुमित्रा कादियान ने जेल में बंदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की भी जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी बंदी या कैदी बिना किसी वकील के प्रतिनिधित्व के न रहें। उन्होंने कहा कि अगर कोई निजी वकील नहीं रख सकता है तो डीएलएसए उसे एक पैनल वकील या कानूनी सहायता बचाव वकील प्रदान करेगा।



**यमुनानगर।** जिला जेल में आयोजित लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करते हुए सीजेएम सुमित्रा कादियान। फोटोः हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### श्रीकृष्ण आयुष विवि में रक्तदान शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में आज शनिवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 9 बजे विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान परिसर में शुरू होगा। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (अस्पताल) के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. वैद्य राजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान करेंगे।

### महिला आईटीआई में जॉब मेला 18 को

**थानेसर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला कुरुक्षेत्र के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने कहा कि व्यवसाय सिविगं टेक्नोलॉजी कोपा, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, ड्राफ्ट्समैन सिविल तथा मैकनिकल, एसओटी, ड्रसमेकि फैशन टेक्नोलॉजी तथा फिटर वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, इन्सटुमेंट मैकेनिक आईटीआई पास/ अपीयर छात्र / छात्राओं को स्थायी रोजगार मुहैया करवाने के लिए 18 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला में जॉब फेयर का आयोजन करवाया जा रहा है। इस संस्थान में संबंधित छात्र/छात्राओं को शिक्षुता व स्थायी जाब हेतु लेने के लिए जय भार मारूति ग्रुप मानेसर के एचआर व उनकी टीम द्वारा कैम्पस इंटरव्यू लेने के लिए 18 जून को सुबह 9 बजे सस्थान में आ रही है।

### परमात्मा को मंगलमय मान स्वधर्म का पालन करें

**कुरुक्षेत्र।** एक कहावत अक्सर सुनने को मिलता है कि जीते जी कुछ ऐसा कर जाओ कि मरने के बाद लोग उसको याद रखें। ऐसे ही डेरा सच्चा सौदा आश्रम के अनुयायी हरिंद्र कुमार इंसा,का मृत्यु उपरांत शरीर का दान उनकी बहन बिमला देवी, अशोक माटा बहनोई और भांजा सौरव ने जन कल्याण हेतु किया। श्रद्धांजलि भजन गाने के बाद और भगवान के सुमिरन के बाद श्रद्धा और भक्ति भाव पूर्ण मान सम्मान के साथ पानीपत मेडिकल कॉलेज में भिजवाया गया। दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए समर्थगुरु संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर और श्री दुर्गा देवी मन्दिर, पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश डॉ.सुरेश मिश्रा, सतपाल धर्मशौत, महेंद्र सैनी, सतपाल सैनी, राजकुमार इंसा, पंकज बजाज इंसा, गजेन्द्र सिंह रावत आदि मित्रों और परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि मानव जीवन को परोपकार और श्रेष्ठ कर्म द्वारा सफल करना चाहिए।

### जनभागीदारी के बिना जल बचाना संभव नहीं

**कुरुक्षेत्र।** जल शक्ति अभियान भारत सरकार के डिप्टी सेक्रेटरी सुमित कुमार ने कहा कि जनभागीदारी के बिना जल बचाना संभव नहीं है, क्योंकि घरों के शौचालयों में बहुत अधिक पानी वेस्ट हो रहा है। इस समय युवाओं और स्कूली विद्यार्थियों को जागरूक करना बेहद जरुरी है। हमें उतना ही पानी प्रयोग करना है जिनता जरुरी हो। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला को जो भी लक्ष्य मिला है। डिप्टी सेक्रेटरी सुमित कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर अक्षय देवीदास व हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जल शक्ति अभियान को लेकर बैठक को संबोधित कर रहे थे।

## योग मैराथन के लिए अब तक 10 हजार लोग करवा चुके हैं पंजीकरण

# योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाने की दिशा में प्रदेश स्तरीय योग मैराथन कल

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी झंडी दिखाकर योग मैराथन को करेंगे रवाना**

- योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाने की दिशा में 15 जून को सुबह 6 बजे कुरुक्षेत्र में प्रदेश स्तरीय योग मैराथन होगी



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करती उपायुक्त नेहा सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाने की दिशा में 15 जून को सुबह 6 बजे कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर प्रदेश स्तरीय योग मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 किलोमीटर योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अब तक 10 हजार युवाओं योग मैराथन के लिए आवेदन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस मैराथन का उद्देश्य युवाओं को नशा से दूर करना है। उपायुक्त नेहा सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में योग मैराथन की तैयारियों को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रही थी।

### 2 मिनट का मौन रखा

इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह, डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा.सुदेश जाटियान व बैठक में उपस्थित सभी पत्रकार एवं छायाकार ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए 2 मिनट का मौन रखा।

उन्होंने जिला वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस मैराथन में हिस्सा लेकर सरकार की योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के संदेश को पहुंचाएं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 15 जून को सुबह 6 बजे योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिन युवाओं ने मैराथन में हिस्सा लेना है वो गूगल फॉर्म से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा जो ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकते, उनके लिए 15 जून को सुबह 5:30 बजे तक आवेदन करवाने की व्यवस्था की गई है। आवेदकों को एक धावक नंबर दिया जाएगा।

### 10 हजार युवाओं को मिलेगी टी-शर्ट

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग मैराथन के लिए जिला प्रशासन द्वारा 10 हजार धावकों को टी-शर्ट दी जाएगी। इनको पहले आओ पहले पाओ की नीति से वितरित किया जाएगा। इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह, जिला आयुष अधिकारी डा. सुदेश जाटिया, खेल विभाग के उप निदेशक राममेहर, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, डीएसपी सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**ये रहेगा रूट**

मैराथन दक्षिणी गेट से शुरू होकर सब्जी मंडी चौक, रेलवे रोड, पंजाबी धर्मशाला से होते हुए पुरुषोत्तमपुरा बाग में संपन्न होगी। मैराथन में हिस्सा लेने वाले युवाओं के लिए बीच-बीच में पानी व अन्य व्यवस्थाएं भी की गई है। उन्होंने बताया कि मैराथन के समय ट्रैफिक पूरी तरह से बंद किया जाएगा।

**20 विजेताओं को दिए जाएंगे नकद पुरस्कार**

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग मैराथन के टॉप-20 विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 10 पुरस्कार पुरुष वर्ग और 10 पुरस्कार महिला वर्ग के लिए तय किए गए हैं। प्रत्येक वर्ग में पहला इनाम 51 हजार, दूसरा 31 हजार, तीसरा 21 हजार और 7 अन्य को 10-10 हजार रुपये नकद दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विजेताओं का चयन करने के लिए कोच व अन्य स्टाफ की ड्यूटी जज के तौर पर लगाई जाएगी।



## एचएयू में लाठीचार्ज के विरोध में छात्र संगठनों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त छात्र मोर्चा के बैनर तले एसएफआई, डीएएसएफआई, एएसएपी छात्र संगठनों ने चौधरी चरण सिंह हिसार कृषि विश्वविद्यालय में 10 जून को विद्यार्थियों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में यूनिवर्सिटी के थर्ड गेट पर प्रदर्शन करते हुए एचएयू वीसी का पुतला फूंका। एसएफआई के यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष रोहित, डीएएसएफआई के प्रेसिडेंट सिमरन मुंडे व एएसएपी के प्रेसिडेंट भारत बराड़ ने संयुक्त प्रेस बयान देते हुए बताया कि घटना उस समय हुई जब छात्र यूनिवर्सिटी की स्कॉलरशिप नीति में बदलाव के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। पहले 75% अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप मिलती थी, लेकिन अब इसे घटाकर सिर्फ 25% छात्रों तक सीमित कर दिया गया है। इस बदलाव से हजारों मेहनती छात्रों का हक छिन जाएगा, जिनकी मेहनत को अब नजरअंदाज किया जाएगा। सरकार से मांग करते हैं कि एचएयू के सभी विद्यार्थियों की मांगों को जल्द से जल्द माना जाए और लाठीचार्ज में सम्मिलित सभी प्रोफेसरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन्हें सजा दी जाए और वीसी को तुरंत प्रभाव किया से बर्खास्त किया जाए। पुतला दहन करते समय अभिषेक अनिकेत सिंह ,शुभम राणा , करण गाबा, सनी, गौरव मेहरा, जगतार सिंह, मोहित, साहिल, नसीब, आदित्य आदि मौजूद रहे।

## तुषार सैनी के सम्मान मे हुआ अभिनंदन समारोह

- मुख्यमंत्री के नवनियुक्त मीडिया कॉर्डिनेटर हैं सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सीएम के नवनियुक्त मीडिया कॉर्डिनेटर तुषार सको सम्मानित करते आयोजक।

मुख्यमंत्री नायब सैनी के मीडिया कोर्डिनेटर बनाए जाने पर प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र द्वारा तुषार सैनी के सम्मान मे अभिनंदन समारोह रेलवे रोड स्थित एक नीजि हॉटल मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यातिथि पहुंचे तुषार सैनी ने सबका अभिनंदन स्वीकार किया। वही कार्यक्रम मे मुख्यमँत्री के कुरुक्षेत्र कार्यालय प्रतिनिधि कैलाश सैनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्याम लाल जांगड़ा, धर्मपाल चौधरी, गुरनाम सैनी, डा. कृष्ण श्योकंद ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप मे शिरकत की। यहां पहुंचने पर प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र के प्रधान रामपाल शर्मा, संरक्षक विजय सभ्रवाल, कृष्ण धमीजा, सौरभ चौधरी, विकास बतान, राजेंद्र वर्मा, जितेंद्र सैनी, सोहनलाल सैनी, अशोक यादव, कमल सैनी, डा. राजेश वधवा व नवोदित के नेतृत्व मे क्लब के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन क्लब के महासचिव देवीलाल बारना ने किया। तुषार सैनी ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि पत्रकारों के साथ जोड़कर उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है, इसे वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगें। पत्रकारों और सरकार के बीच समन्वय बनाकर रखने का काम करेंगें ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक प्रचारित होकर मिल सके। इस अवसर पर विजय सभ्रवाल, कृष्ण धमीजा, सौरभ चौधरी, विकास बतान, डा. राजेश वधवा ने भी तुषार सैनी को बधाई दी।

*विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर शिविर का आयोजन*

## वृद्धजनों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ थानेसर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इसके साथ ही एडीआर सेंटर में पेंशनर्स के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया और उन्हें स्कीमों की जानकारी दी गई तथा उनके अधिकारों के विषय में भी जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता हरपाल सिंह द्वारा प्रेरणा वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में भी बताया गया।

## ग्राम पंचायत गन्नौरी, गजलाना बीड बडतौली में मतदान कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

- सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक डाले जाएंगे वोट

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि राज्य निवार्चन आयोग हरियाणा पंचकूला की अधिसूचना के तहत पंचायती राज्य संस्थाओं के उपचुनाव के मद्देनजर बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। लाडवा खंड में पंचायत समिति लाडवा वार्ड नंबर 15 का उपचुनाव होना है। इस वार्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गन्नौरी, गजलाना, बीड बडतौली और बडतौली में मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उपचुनाव के लिए 15 जून को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस दौरान जिला कुरुक्षेत्र में तनाव तथा शांति भंग होने तथा सार्वजनिक शांति एवं सौहार्द में व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना है। मतदाताओं बिना किसी धमकी या भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अग्रिम उपाय किए गए हैं। 15 जून को मतदान प्रक्रिया व मतों की गिनती समाप्त होत्रे तक जिले में स्थापित विभिन्न मतदान केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में धारा 163 के तहत आदेश जारी किए जाते हैं।

## पूर्व मंत्री व उपायुक्त ने प्रोटोकॉल योगा प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार योग युक्त, नशा मुक्त और योगमय हरियाणा का निर्माण करने के उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रही है। इस सरकार ने युवा पीढ़ी को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने और योग को अपनाने के प्रति जागरूक कर रही है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शुक्रवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग और खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस -2025 के आयोजन के निमित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त नेहा सिंह व अन्य ने दीप प्रज्वलित करके प्रोटोकॉल योगा का शुभारंभ किया पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य योग युक्त, नशा-मुक्त और योगमय हरियाणा का निर्माण करना है। इस वर्ष देशभर में 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक उत्सव की तरह मनाया जा रहा है, इसी कड़ी में प्रदेश में भी इसका आगाज 27 मई को योग महोत्सव का आयोजन कर किया गया।

## समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हो रहा निपटानः महेंद्र

**लाडवा।** मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लाडवा विधानसभा की समस्याओं को निपटाने पर पूरा फोक्स है। विधानसभा के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जा रहा है।

हलके गांव व शहरी क्षेत्र के हर गांव व वार्ड में विकास कार्यों को शुरू करवाया हुआ है। कुछ विकास कार्यों का काम पूरा हो चुका है। अधिकतर का निर्माण प्रगति पर है। जिन विकास कार्यों का निर्माण चल रहा है, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन विभागों के अधिकारियों को जल्दी कार्य पूरा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि इन कामों का हलके की जनता को लाभ मिलना शुरू हो जाए। मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र सिंह शुक्रवार को लाडवा के पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में आयोजित खुले दरबार में लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।




लाडवा। विश्राम घर में समस्याएं सुनते महेंद्र सिंह व उपस्थित लोग।

*मृतक सोनीपत का रहने वाला था और शाहाबाद में संभाल रहा था जिम्मेदारी*

## शराब ठेकेदार पर बाइक सवार बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, इलाज के दौरान मौत

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में शराब ठेकेदार शांतनु पर 2 बाइक सवार बदमाशो ने फायरिंग कर दी, जिससे शांतनु की मौत हो गई। फायरिंग करने के बाद बदमाश अपनी मोटरसाइकिल को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस व सीआईए की टीम मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि करीब 8 बजे शराब ठेकेदार शांतनु शाहबाद की मीना मार्केट में सामान लेने आया था। तभी बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। बताया जाता है कि बदमाशों ने 6-7 राउंड फायर किया जिसमें से तीन फायर शांतनु को लगे। गोली लगने से शांतनु गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शांतनु को पुलिस ने राहगीरों की मदद से इलाज के लिए आदेश अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान शांतनु की मौत हो गई। मृतक शांतनु सोनीपत का रहने वाला था और शाहाबाद में शराब ठेके की जिम्मेदारी संभाल रहा था। पुलिस ने बदमाशों की मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



कुरुक्षेत्र। शुक्रवार देर रात फायरिंग की वारदात के बाद घटनास्थल पर जांच करती पुलिस

*सोसायटी का मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा : मक्कड़*

## श्रीहेमकुंड साहिब सेवा सोसाइटी ने लगाई मीठे जल की छबील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर रात्रि कीर्तन समागम में नतमस्तक होने आई संगत की सेवा में श्री हेमकुंड साहिब सेवा सोसायटी कुरुक्षेत्र द्वारा मीठे जल और मिष्ठान के स्टाल लगा कर सेवा की गई। सोसायटी के प्रधान तेजेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छट्ठी में इस गुरुपर्व पर देश-विदेश से भारी संख्या में संगत गुरु चरणों में नतमस्तक होने के लिए आती है। इसलिए सोसायटी द्वारा पिछले कई सालों से यह सेवा निरंतर जारी है। मक्कड़ ने कहा कि सोसायटी का मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा है। सेवा के लिए सोसाइटी का हर मेम्बर हाजिर रहता है। इस मोके पर मेम्बर गुरविंदर पाल सिंह कालडा, बलबीर सिंह, गुरुदेव सिंह, अजीत सिंह, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, दिलबाग सिंह, बलबीर सिंह, देवेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह भी सेवा में हाजिर रहे।



कुरुक्षेत्र। पिपली रोड पर राहगीरो को ठंडा मीठा जल पिलाते सदस्य।

## भाजपा ने पोर्टल के फेर में उलझाया

**पिहोवा।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सतनाम सिंह विर्क ने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी लोगों को पोर्टल के फेर में उलझा कर रख दिया है। लगभग 200 से अधिक सेवाएं पोर्टल बंद होने की वजह से निष्क्रिय पड़ी हुई हैं। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीण दौरे के दौरान लोगों से मिलते हुए सतनाम सिंह विर्क ने कहा कि सरकार की ओर से फरमान जारी किया गया था कि 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाया जाए। लेकिन आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए इतनी अधिक फॉर्मेलिटी कर दी गई है कि आम आदमी इनका सामना ही नहीं कर पाता। बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के साथ भी फैमिली आईडी और अन्य कई तरह के दस्तावेज मांग कर लोगों को तंग किया जा रहा है।

## पूरी दुनिया में बढ़ा योग का प्रचलनः प्रो. सचदेवा

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 21 होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 21 जून, 2025 को प्रातः 06.00 बजे पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कुवि के सीनेट हॉल में शुक्रवार को आयोजित बैठक में सभी डीन, निदेशक, अध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक, मुख्य सुरक्षा अधिकारी, प्राचार्य, मुख्य वार्डन, शाखा प्रमुख, उप रजिस्ट्रार, सहायक रजिस्ट्रार, अधीक्षक, उप अधीक्षक को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भागीदारी करने के लिए आह्वान किया व इसकी तैयारियों को लेकर समीक्षा की।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि योग का प्रचलन पूरी दुनिया में बढ़ रहा है। इसकी लोकप्रियता का एक मुख्य कारण यह है कि डॉक्टर भी मरीजों को योग के महत्व के बारे में सलाह दे रहे हैं। योग मन और शरीर दोनों को शांत और आराम देता है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में एक लाख लोग भागीदारी करेंगे जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से लगभग 5 हजार की संख्या में लोग भागीदारी करेंगे।



**पांच बजे एकत्रित होंगे**

21 जून को प्रातः 5 बजे सभी लोग यूनिवर्सिटी में वफाइन आर्टस के पास एकत्रित होकर 6 बजे समय अनुसार ब्रह्मसरोवर पर आयोजित योग समारोह में पहुंचेगे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, प्रो. दिनेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. संजीव अरोड़ा, प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. विवेक चावला, प्रो. पुष्पा रानी, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. उषा, कुटा प्रधान प्रो. दीपक राय बब्बर, प्रो. रीटा, प्रो. सुशीला चौहान, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. महावीर नरवाल, प्रो. ओमवीर सिंह, प्रो. कृष्णा, प्रो. संगीता, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, डॉ. चेतन शर्मा, डॉ. आबिद अली, डॉ. सुखविन्द्र सिंह, कुटिया प्रधान राजवंत कौर सहित सभी डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।




कुरुक्षेत्र। पिपली रोड पर राहगीरो को ठंडा मीठा जल पिलाते सदस्य।

## गर्मी में पिपली रोड पर बांटी राहत

**कुरुक्षेत्र।** गर्मी की भीषण तपिश में राहगीरों को सुकून देने के उद्देश्य से गुरु नानक टैक्सी सर्विस कुरुक्षेत्र द्वारा पिपली रोड स्थित कार्यालय के बाहर ठंडे मीठे जल की छबील का आयोजन किया गया। यह सेवा सिख पंथ के छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व को समर्पित रही। सेवा का शुभारंभ कुरुक्षेत्र ऑटो यूनियन के पूर्व प्रधान जगतार सिंह ने किया। पूर्व प्रधान जगतार सिंह ने इस नेक पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में आमजन को राहत देने के लिए गुरु नानक टैक्सी सर्विस का यह प्रयास प्रेरणादायक है। टैक्सी सर्विस के संचालक रविन्द्र सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य राहगीरों और वाहन चालकों को गर्मी में राहत पहुंचाना है। सेवा के दौरान लोगों को रोककर ठंडा मीठा जल पिलाया गया।

## खबर संक्षेप

### स्नेचिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-शहजादपुर ने थाना बराड़ा में दर्ज स्नेचिंग के मामले में आरोपी मनप्रीत सिंह व अंशुल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अब न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पीड़ति महिला ने 3 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी उम्र लगभग 74 वर्ष है। 2 जून 2025 को वह घूमने के लिए बाहर गली में निकली हुई थी। मोटरसाइकिल सवार आरोपी ने बहला फुसलाकर उसको अपनी नानी बतलाकर धोखाधड़ी से उसकी कान की बालियां छीन ली।

### मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के सुभाष पार्क के पास से अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी खुशप्रीत सिंह व जगतार सिंह को देसी कट्टा व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया। आरोपी खुशप्रीत सिंह को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया व आरोपी जगतार सिंह 1 दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस दल को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि दो नौजवान लड़के किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर दोनों आरोपियों को काबू कर उनसे अवैध हथियार व जिंदा कारतूस जब्त किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 31 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 मई 2025 को गुलाब मंडी में स्थित उसके घर से व्यक्तियों ने गैस सिलेंडर व चांदी के सिक्के चोरी किए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### भैंस चोरी मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** सीआईए-1 ने थाना मुलाना में दर्ज भैंस चोरी के मामले में आरोपी परवेज उर्फ भूरा को गिरफ्तार किया है। उसे छह दिन के रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बतालाया कि आरोपी फिरोज भी इस मामले में संलिप्त है। पुलिस ने आरोपी फिरोज को भी काबू किया है। आरोपियों ने भैंस चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली है। बताया कि चोरी के बाद वे भैंस बेच देते थे। आरोपियों से पुलिस ने 64 हजार रूपये की नकदी बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### सरपंच पद का चुनाव प्रचार थमा, पांच गांवों में मतदान

**बराड़ा।** जिला के पांच गांवों में सरपंच पद के लिए चुनावी घमासान अब अपने अंतिम चरण में है। आचार संहिता के तहत शुक्रवार शाम 5 बजे चुनाव प्रचार पूरी तरह से थम गया लेकिन प्रत्याशी सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इन पांचों गांवों में रविवार 15 जून को मतदान होगा। इनमें नारायणगढ़ के गांव आजमपुर व लखनौरा, अंबाला प्रथम का गांव काठगढ़, खंड बराड़ा का सज्जन माजरी और खंड शहजादपुर का गांव नसरौली शामिल है।

# 175 बार किया रक्तदान, 85 बार दे चुके हैं प्लेटलेट्स

- नशे के खिलाफ भी साइकिल पर सवार होकर चला रहे हैं मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

175 बार रक्तदान कर पुलिस के सब इंस्पेक्टर डॉ. अशोक वर्मा इतिहास रच चुके हैं। लोगों की जान बचाने के लिए वे 85 बार प्लेटलेट्स भी दान कर चुके हैं। उनके परिवार में भाई सतपाल, विनोद कुमार, नरेश कुमार, नन्हा राम भी 50 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। उनके पुत्र और पुत्रियां भीं 10 से अधिक बार रक्तदान कर चुकी हैं। वर्मा 544 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं जिसमें 19754 से अधिक रक्त इकाई का संग्रहण सरकारी अस्पतालों को मिला है। इसका पूरा लाभ 59262 लोगों को मिला है। रक्तदान के लिए राज्यपाल भी डॉ. वर्मा को 6 बार सम्मानित हो चुके हैं। वे राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी के रूप में प्रसिद्ध हैं।



## एसआई डॉ. अशोक वर्मा रक्तदान के प्रति युवाओं को कर रहे हैं प्रोत्साहित

डॉ. अशोक वर्मा ने बताया कि रक्त के अभाव में किसी व्यक्ति विशेष की जीवन लीला समाप्त हो सकती है। रक्त व्यक्ति की धमनियों में बहने वाला वह जीवन अमृत है। लगभग दो-तीन दशक पूर्व रक्तदान के नाम से लोग डरते थे। कभी कभी तो अपने घर के सदस्य के लिए भी रक्त की आवश्यकता होने पर दूसरों की और ताकना पड़ता था। कई तो डर के मारे वहां से खिसक जाते थे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त डॉक्टर वर्मा बताते हैं कि उन्हें याद है कि 1990 में जब वे राजकीय महाविद्यालय करनाल में पढता थे। उन दिनों डीएवी कॉलेज करनाल में एनसीसी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। पूरे करनाल जिले के 18 वर्ष से अधिक के विद्यार्थियों को वहां रक्तदान के लिए आमंत्रित किया गया था लेकिन कुछ जागरूक और समाज के प्रति अपने कर्तव्य को समझने वाले गिने चुने विद्यार्थियों ने ही वहां पहुंचकर रक्तदान किया था। सौभाग्य से मैं भी उनमें से एक था। रक्तदान करके उन्हें बहुत अच्छा लगा था। यह प्रसन्नता कुछ ही क्षण की थी क्योंकि जैसे ही रक्तदान का प्रमाण पत्र लेकर वह घर लौटा तो उनकी मां व भाभी के ऐतराज के बाद उन्हें ऐसा लगा कि उसने कोई बड़ा अपराध कर दिया। रात्रि में मेरे पिता कली राम खिप्पल घर लौटे और उन्हें इस बात की जानकारी दी गई। मैं भयभीत था कि पिता जी भी डांटेंगे लेकिन उन्होंने पीठ थपथपाकर मुझे और अधिक प्रोत्साहित किया। कहा कि बहुत अच्छा किया और वे स्वयं सेना में रहे हैं। उन्होंने वहां पर अनेक बार रक्तदान किया था। वर्मा ने बताया कि पिता कली राम की प्रेरणा से अब तक 175 बार रक्तदान किया है। परिवार के सभी लोग एक साथ रक्तदान कर रहे हैं। डेरा सच्चा सौदा में तो रक्तदान के लिए लोगों को रोते हुए देखा गया कि मेरा रक्त ले लें। इतनी जागरूकता आने के बाद भी भी रक्त के अभाव में कई जिंदगियां समाप्त हो जाती है। उन्होंने युवाओं से अपील की खून की कमी से दम तोड़ने वाली जिंदगियों को बचाने के लिए रक्तदान जरुर करें।

### 1100 महिलाएं कलश धारण कर उतरीं सड़क पर

# विश्व शांति और ब्रह्मज्ञान का संदेश लेकर निकली कलश यात्रा

**जय माता दी के उद्घोष से गुंजायमान हुआ समस्त शहर, जगह जगह हुई फूलों की बरसात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



निकाली गई कलश यात्रा का दृश्य।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान अंबाला शहर के रामबाग मैदान में 15 से 21 जून 2025 को सांय 7 से रात्रि 10 बजे तक सात दिवसीय श्रीमद् देवीभागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या भागवत भास्कर साध्वी सुश्री अदिति भारती प्रभु की पावन कथा का वाचन करेंगी। इस कथा के उपलक्ष्य में भगवान परशुराम भवन मॉडल टाऊन से भव्य मंगल कलश यात्रा निकली गई।

कलश यात्रा का शुभारंभ मेयर शैलजा सचदेवा व भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रधान बीनू गर्ग जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान चंद्रमोहन शुक्ला के द्वारा झंडा फहराकर किया गया। यात्रा के दौरान 1100 सौभाग्यवती महिलाओं ने कलश को अपने सिर पर उठाया और भगवान के पवित्र नाम का जयघोष भी किया। कलश यात्रा के महत्व को बताते हुए दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान से स्वामी योगेशानंद ने बताया कि हमारे शास्त्रों में आता है कि कलश के अग्रभाग में देवताओं का निवास होता है। यह कलश हमारे मस्तिष्क में स्थित अमृत का प्रतीक है। यह यात्रा हमें संकेत करती है उस दिव्य अमृत को प्राप्त करने की ओर कलश में आम के पेड़ के पत्तों को रखा जाता है। आम का वृक्ष सदाबहार होने के साथ फल प्रदान करने वाला भी है।





ठीक इसी प्रकार प्रभु की कथा सदाबहार है। भाव युगों-युगों से चली आ रही है। इतना ही नहीं यह कथा प्रभु की प्राप्ति का फल भी प्रदान करती है। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। जो युगों-युगों से मानव जाति को लाभान्वित करता आ रहा है। ऐसे दिव्य वातावरण और जागृत आत्माओं द्वारा जय जय मां के बुलंद जयघोषों ने स्थानीय लोगों को इस भव्य आयोजन के लिए जागरूक किया। सत्य राह पर चलने वाले ही दूसरों को राह दिखा सकते हैं इसलिए इस यात्रा में साधारण लोगों का नहीं बल्कि जागृत आत्माओं का लंबा काफ़िला देखा गया। वे सभी पूर्ण आध्यात्मिक गुरु द्वारा प्रदान किए गए ब्रह्मज्ञान (आत्म-जागृति की एक शाश्वत तकनीक) के माध्यम से जागृत व परम आनंदित हैं। इन शिष्यों ने ईश्वर को अपने भीतर अनुभव किया है और मुक्ति की आध्यात्मिक यात्रा की ओर निरंतर प्रगतिशील हैं। श्रीमद् देवी भागवत कथा के इस आयोजन से भक्तों को जीवन बदलने वाली एक प्रेरणादायी विचारधारा प्राप्त होगी।यहां कथा वक्ता ईश्वर दर्शन की शाश्वत दिव्य तकनीक के बारे में विस्तार से बताएंगी। विश्व शांति, विश्व बंधुत्व व ब्रह्मज्ञान का संदेश देते हुए मंगल कलश यात्रा कथा स्थल पर संपन्न हुई। शहर में कलश यात्रा का भव्य स्वागत पुष्प वर्षा द्वारा किया गया।

# 100 करोड़ की लागत से बदली जाएंगी जर्जर तारें

### ट्रांसफार्मर की क्षमता भी बढ़ाई जाएगी

- बिजली निगम की ओर से उपभोक्ताओं की सुविधा लिए योजना पर शुरू किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बिजली निगम की ओर से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अब जर्जर तारों को बदलने के साथ ही ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाएगी। साथ ही ओवरलोड फीडर को भी अलग किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को लेकर निगम रूपरेखा तैयार कर रहा है। अंबाला शहर डिविजन में 35 करोड़, कैंट डिविजन में 38 करोड़ और नारायणगढ़ में 40 करोड़ के विकास कार्य होंगे। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 100 करोड़ का बजट खर्च होगा।

अंबाला छावनी डिवीजन में करीब 38 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार हो गया है जबकि शहर व नारायणगढ़ डिवीजन के प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है। जिले में ऐसे कई फीडर हैं जिन पर बिजली का ज्यादा लोड है। ऐसे फीडर को बिजली निगम की ओर से अलग किया जाएगा। इन ओवरलोड फीडर का आधा लोड दूसरा नया फीडर खींचकर लोड डाला जाएगा। अब निगम और कार्य करने वाली एजेंसी की ओर से फील्ड में संयुक्त रूप से सर्वे किया जाएगा। इसके बाद कार्य शुरू होगा। कई जगहों पर एचटी व एलटी पुरानी व बड़ी लाइन की जर्जर तारों क कारण बिजली प्रभावित होती है। अब इन जगहों को बिजली निगम चिह्नित करेगा। इन जगहों से तारों को बदलने का कार्य किया जाएगा। साथ ही ओवरलोड होने वाले छोटे ट्रांसफार्मर की क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। बीते अप्रैल तक भी निगम ने 450 ट्रांसफार्मर पर कार्य किया। अधीक्षक अभियंता ने कहा कि अंबाला सर्कल के तीन डिविजनों में करीब 100 करोड़ की लागत से जर्जर तारों को बदलने के साथ ही ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाएगी। साथ ही फीडर को भी अलग किया जाएगा। इसके लिए निगम व एजेंसी संयुक्त सर्वे करेगी।

### सीईटी का ऑफलाइन आवेदन भी ले सरकार

**बराड़ा।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) की आवेदन प्रक्रिया में आरक्षित वर्ग के युवाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को उठाते हुए अंबाला से लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार को ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन माध्यम से भी आवेदन स्वीकार करने चाहिए, ताकि तकनीकी समस्याओं और दस्तावेज़ संबंधी अड़चनों से जूझ रहे अभ्यर्थियों को राहत मिल सके। वरुण चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए नए नियमों के तहत नवीनतम जाति प्रमाण पत्र को आवेदन के लिए अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए यह प्रमाण पत्र बनवाना बड़ी चुनौती बना हुआ है।

# आयुर्वेद पद्धति से 100 मरीजों के असाध्य रोगों का किया उपचार

- एमडीएसडी कॉलेज स्थित श्री सनातन धर्म आरोग्य केंद्र में आयुर्वेद एवं पंचकर्म उपचार शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज स्थित श्री सनातन धर्म आरोग्य केंद्र में आयुर्वेद एवं पंचकर्म उपचार सहज जागरूकता निशुल्क शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से सांय 4 बजे तक किया गया। इस शिविर में आयुर्वेद पद्धति के माध्यम से विभिन्न जटिल रोगों के निदान एवं उपचार पर केंद्रित सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर के मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधन कमेटी के कोषाध्यक्ष अनित बिंदल ने की । श्री सनातन धर्म आरोग्य केंद्र को चलाने में कॉलेज के प्रधान अरविंद अग्रवाल और सनातन सभा के प्रधान नरेश अग्रवाल के प्रयासों से शुरू किया गया है। कैंप की संयोजक डॉ. सीमा सिंघल तथा कैंप डायरेक्टर डॉ. संजय द्वारा आयुष विभाग से पधारीं डॉ. शैफाली अग्रवाल एवं उनकी टीम का सफल आयोजन हेतु आभार प्रकट किया गया। शिविर में कटिबस्ती (पुराना कमर दर्द), लंबर स्पॉन्डिलाइटिस, अक्षि तर्पण (ड्राई आई एवं कंप्यूटर विजन सिंड्रोम), मन्य बस्ती (गर्दन का दर्द, ग्रीवा स्पॉंडिलाइटिस), नस्य (पुराना सिर दर्द, माइग्रेन, साइनसाइटिस) जैसी चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से रोगियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श, पंचकर्म चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही योग निद्रा सत्र का भी आयोजन किया गया। इस शिविर का लाभ कॉलेज एवं समाज के लगभग 100 लोगों को प्राप्त हुआ। आयुष विभाग से सुजाता , हिमांशी कपूर, शारदा, नवनीत पांचाल, रोहित, अनिल कुमार मांगे राम जी, अमन कुमार कैंप के सफल आयोजन के लिए अपनी सेवाएं दी ।



**अंबाला।** शिविर में अहम भूमिका निभाने वालों को सम्मानित करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

*डॉ. शैफाली अग्रवाल ने श्री सनातन धर्म सभा आरोग्य केंद्र में समुचित सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान अरविंद अग्रवाल , सचिव आशीष बंसल , उपाध्यक्ष रोहित अग्रवाल , कोषाध्यक्ष अनित बिंदल , प्राचार्या प्रो. करमजीत कौर, उप-प्राचार्या डॉ. निशु बंसल सहित समस्त टीम की सराहना की।*

# केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर लगाई प्रदर्शनी

- डीसी ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की जमकर प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीसी व अन्य अधिकारी।

अंबाला शहर के पंचायत भवन में उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत के अमृतकाल के तहत सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित 11 साल का उल्लेख सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी धर्मेंद्र कुमार व एआईपीआरओ अजीत सिंह ने उपायुक्त अजय सिंह तोमर व एसीयूटी राहुल कंवरिया को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर व एसीयूटी राहुल कंवरिया ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए केन्द्र सरकार की जो नीतियां एवं योजनाएं यहां पर दर्शाई गई है उसकी सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का काम किया जा रहा है। डिजिटल प्रक्रिया से लोगों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जब वह एडीसी थे उन्होंने यूपीआई के माध्यम से सभी जिला प्रशासनिक अधिकारियों व अन्य को इससे जुडने बारे प्रेरित किया था।

अब डिजिटल प्रक्रिया से किसानों के साथ-साथ अन्य जो भी लाभार्थी हैं योजना का सीधा लाभ यानि राशि उसके खाते में स्थानांतरित होती है।

# विमान हादसे में मारे गए 265 लोगों को कोर्ट कॉम्प्लेक्स में दी श्रद्धांजलि

- प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाधयक्ष एडवोकेट रोहित जैन बोले हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराए केंद्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए 265 लोगों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाधयक्ष एडवोकेट रोहित जैन की अगुवाई में श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान दो मिनट का मौन भी रखा गया। जैन ने दुखद हादसे पर शोक जताते हुए पीड़ति परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह विमानन इतिहास की सबसे दुखद घटना है जिसने एक साथ 265 लोगों को निगल लिया। उन्होंने कहा कि हादसे का शिकार हुए एयर इंडिया के विमान में 241 लोग सवार थे। साथ ही इस हादसे में पांच क्रू मेंबर्स के साथ पांच मेडिकल के छात्र भी शामिल हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट रोहित जैन ने कहा कि इस हादसे की गहनता से केंद्र सरकार को जांच करवानी चाहिए ताकि यह साफ हो सके कि किस वजह से इतने लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि देश के विमानन इतिहास की यह सबसे भयानक त्रासदी है। हालांकि यह समझना बेहद मुश्किल है की यह हादसा किन प्रस्थितियों में हुआ है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में हम पीड़ति परिवारों के साथ है।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीसी के जरिए प्रशासनिक अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

# मतदाता सूचियों की दोबारा जांच के लिए एआरओ व बीएलओ की दी जाए ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने आगामी मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण के लिए तैयारी को लेकर शुक्रवार को वीसी के माध्यम से प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने एआरओ व बीएलओ की ट्रेनिंग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि आगामी मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण की तैयारी को लेकर चुनाव आयोग द्वारा दी गई हिदायतों का अमल में लाना आवश्यक है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारी इन हिदायतों का पालन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा ईआरओ, एआरओ व बीएलओ के साथ-साथ सुपरवाइजर को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जहां भी बीएलओ की कमी है, वहां पर बीएलओ की नियुक्ति पूरी कर ली जाए। इसके अलावा उन्होंने नए बूथ बनाने, रेशनेलाइजेशन करने व मतदान केंद्रों संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई को दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित की जाने वाली ट्रेनिंग में सभी जिलों से भी बीएलओ भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदायतों अनुसार मतदान केंद्र बनाने के लिए 1200 तक मतदाता होने आवश्यक हैं। आयोग की हिदायातों अनुसार ही मतदान केंद्रों के लिए भवन आदि का चयन किया जाना आवश्यक है। वीसी के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने चुनाव से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा दी गई हिदायतों का पूर्णता से पालन किया जाए। उन्होंने जिला में बीएलओ, सुपरवाइजर के बारे में भी जानकारी लेते हुए उनकी ट्रेनिंग को लेकर दिशा-निर्देश दिए।




**अंबाला।** वीसी के दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारी ।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर एसीयूटी रवि कंवरिया, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी रमेश कुमार, तहसीलदार प्रियंका, कानूनगो मंजू बाला, सहायक प्रीतम कौशिक, जूनियर प्रोग्रामर रिचू भी मौजूद रहे।